पत्रांक– अ०स०क०–06–09 / प्रेस विज्ञप्ति / 2022.............

बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

प्रेषक

डॉ० अमीर आफाक अहमद फैजी
विशेष सचिव–सह–निदेशक

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक........................

विषयः– **मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना से संबंधित विज्ञप्ति हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू भाषा के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2026 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से इंटर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक (मुस्लिम) छात्राओं तथा बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना से मौलवी में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं (लड़कियाँ) को ₹15,000.00 (पन्द्रह हजार रूपये) प्रति छात्रा की दर एवं फौकानिया प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्र / छात्राओं ₹10,000.00 (दस हजार रूपये) प्रति छात्र / छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु NIC द्वारा विकसित ई–कल्याण पोर्टल https://ekalyan.bihar.gov.in/mvpy/ पर आवेदन करने हेतु आवश्यक सूचना के संबंध में आमजन के सूचनार्थ प्रेस विज्ञप्ति प्रारूप राज्य के प्रमुख हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है।

अतएव अनुरोध है कि विज्ञापन को अविलम्ब प्रकाशित करवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय तथा प्रकाशित विज्ञापन का प्रेस कतरन अद्योहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**अनु०– यथोक्त।**

विश्वासभाज

ह० / –
विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक – अ०स०क०–06–09 / प्रेस विज्ञप्ति / 2022............. पटना, दिनांक.................

**प्रतिलिपि** – सहायक निदेशक–III–सह–नोडल पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक – अ०स०क०–06–09 / प्रेस विज्ञप्ति / 2022.3010 पटना, दिनांक 30/07/26

**प्रतिलिपि** – आई०टी०मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि संलग्न सूचना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

30/7
विशेष सचिव–सह–निदेशक

D:\F Drive\Scholarship\2022\6-09-Press Vigyapti 2022\g. letter hindi.docx